Regarding train facility from Palasthali to Andal

श्री नलिन सोरेन **(दुमका) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ कि झारखण्ड राज्य स्थित जामताड़ा जिला अंतर्गत पालास्थली रेलवे स्टेशन से अंडाल रेलवे स्टेशन तक जोड़ने वाली रेल लाइन पर रेल का परिचालन काफी समय से बंद पड़ा हुआ है । पालास्थली रेलवे स्टेशन से अंडाल रेलवे लाइन की लम्बाई 27.09 किलोमीटर है। इस रेलवे स्टेशन से झारखण्ड राज्य के जामताड़ा से पश्चिम बंगाल के अंडाल तक ग्रामीणों के लिए आने- जाने की एकमात्र यही सुविधा है । रेल का परिचालन नहीं होने के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।

अतः जनहित में मैं सरकार से मांग करता हूं कि जामताड़ा स्थित पालास्थाली से अंडाल तक रेल परिचालन शीघ्रातिशीघ्र चालू करने की कृपा करें ।